श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 105, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार, 21 नवम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

प्रयागराज के फूलपुर इलाके में जहरीली शराब पीने से पांच की मौत

अमिलिया गांव में अगरापट्टी की रहने वाली संगीता जायसवाल के नाम से देशी शराब का ठेका है। शुक्रवार देर शाम को शराब पीने वालों का जमावड़ा लगा था। पीने के कुछ देर बाद अचानक कई लोग एक-एक कर जमीन पर गिरने लगे। यह देख वहां अफरातफरी गई।

प्रयागराज। फूलपुर कोतवाली के अमिलिया गांव में शुक्रवार रात सरकारी देशी शराब के ठेके की शराब पीने से पांच लोगों की मौत हो गई। चार अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक है। आशंका जताई गई है कि शराब जहरीली थी। अधिकारी जांच कर रहे हैं कि सरकारी ठेके पर जहरीली शराब कैसे पहुंची।

अमिलिया गांव में अगरापट्टी की रहने वाली संगीता जायसवाल के नाम से देशी शराब का ठेका है। शुक्रवार देर शाम को शराब पीने वालों का जमावड़ा लगा था। पीने के कुछ देर बाद अचानक कई लोग एक-एक कर जमीन पर गिरने लगे। यह देख वहां अफरातफरी गई। जहरीली शराब का शोर मचा तो अन्य लोगों ने बोतल फेंक दी। जमीन पर गिरे लोगों को नजदीक के अस्पताल ले जाया गया।

इसमें बसंत लाल पटेल (55), शंभू नाथ मौर्य (55), राज बहादुर गौतम (50) निवासी अमिलिया व प्यारे लाल (48) निवासी खनसार माली का पूरा, राजेश गौड़ निवासी मैलहन को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

वहीं, ताराचंद्र निवासी कोनार, जगदीश निवासी माली का पूरा, प्रभूनाथ पटेल निवासी अमिलिया व एक अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कई और को क्षेत्र के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इनका नाम व पता ज्ञात नहीं हो सका।

जानकारी पाकर जिलाधिकारी भानु चंद्र गोस्वामी, एसएसपी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर ग्रामीणों से पूछताछ की। ठेका संचालक और सेल्समैन के बारे में जानकारी ली गई। पता चला कि सेल्समैन ठेका छोड़कर निकल गया। अधिकारियों ने ठेका बंद कराया। जिलाधिकारी का कहना है कि जितने लोगों ने ठेके की शराब का सेवन किया है, उनका पता लगाया जा रहा है।

शराब से मौत के बाद मौके पर पहुंचे जिलाधिकारी व प्रशासनिक अधिकारी

आज गांधीनगर की पेट्रोलियम विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करेंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली, एएनआइ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को गांधीनगर के दीनदयाल पेट्रोलिय विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी का यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से होगा। इस दौरान पीएम मोदी विश्वविद्यालय में अनुसंधान, इनोवेशन और सीखने को बढ़ावा देने वाले विभिन्न केंद्रों का भी उद्घाटन करेंगे। पेट्रोलियम विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के दौरान पीएम मोदी 2600 छात्रों को उनकी डिग्री और डिप्लोमा प्रदान करेंगे। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी मोनोक्रिस्टलाइन सोलर फोटो वोल्टाइक पैनल के 45 मेगावाट के उत्पादन संयंत्र और जल प्रौद्योगिकी पर उत्कृष्ठता केन्द्र की आधारशिला रखेंगे। वहीं, दीक्षांत समारोह के दौरान प्रधानमंत्री मोदी पंडित दीनदयाल पेट्रोलियम विश्वविद्यालय में 'इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन सेंटर टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेशन', 'ट्रांसलेशनल रिसर्च सेंटर' और 'स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स' का भी उद्घाटन करेंगे। गौरतलब है कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय पेट्रोलियम विश्वविद्यालय काफी कम समय में ही विश्व में अपना नाम बनाने में सफल हुई है। यहां कई देशों के छात्र-छात्राएं शिक्षा प्राप्त करने के लिए आ रहे हैं। शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महापर्व छठ की शुभकामनाएं दी। उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा कि सूर्य की आराधना के महापर्व छठ की समस्त देशवासियों को बहुत-बहुत मंगलकामनाएं। छठी मइया सभी के जीवन में सुख-समृद्धि और सूर्यदेव के ओज का संचार करें। मालूम हो कि बिहार व पूर्वांचल में बनाए जाने वाले इस त्योहार की खास लोकप्रियता है। इसी के चलते पीएम मोदी और अमित शाह ने महापर्व छठ की लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

नसीमुद्दीन सिद्दीकी और राम अचल राजभर समेत पांच की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

लखनऊ, जेएनएन। भाजपा नेता दयाशंकर सिंह के परिवार की महिलाओं व उनकी बेटी के लिए अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल करने के आपराधिक मामले में शुक्रवार को एमपी-एमलए की विशेष अदालत ने बसपा के तत्कालीन राष्ट्रीय महासचिव नसीमुद्दीन सिद्दीकी, राम अचल राजभर और राष्ट्रीय सचिव मेवालाल गौतम की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी। विशेष अदालत ने इस मामले में आरोपित नौशाद अली और अतहर सिंह राव की भी अर्जी खारिज की है। विशेष जज पवन कुमार राय ने अपने आदेश में कहा है कि मुल्जिमों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी है। कुर्की की कार्यवाही का नोटिस भी जारी है। बावजूद इसके वे अदालत में हाजिर नहीं हो रहे हैं। हाईकोर्ट से इस मामले के शीघ्र निस्तारण का आदेश है। ऐसे में अग्रिम जमानत का आधार नहीं है। 12 जनवरी, 2018 को इस मामले में इन सभी आरोपितों के खिलाफ आइपीसी की धारा 506, 509, 153ए, 34, 149 और पॉक्सो एक्ट की धारा 11 (1) के तहत भी आरोपपत्र दाखिल हुआ था। 20 जून, 2020 को विशेष अदालत ने आरोपपत्र पर संज्ञान लेते हुए सभी आरोपितों को आरोप तय करने के लिए तलब किया था, लेकिन तब से आरोपित अदालत में हाजिर नहीं हुए। 21 अक्टूबर को विशेष अदालत ने नसीमुद्दीन सिद्दीकी समेत पांचों आरोपितों को भगोड़ा घोषित करते हुए इनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आदेश दिया था। 29 अक्टूबर को राम अचल राजभर, मेवालाल गौतम, अतर ङ्कषसह राव तथा नौशाद अली ने अंतरिम जमानत अर्जी दाखिल की गई। विशेष अदालत ने इसे खारिज कर दिया था। 22 जुलाई, 2016 को इस मामले की नामजद एफआइआर दयाशंकर सिंह की मां ने थाना हजरतगंज में दर्ज कराई थी।

लव जिहाद पर कानून बनाने की तैयारी में योगी आदित्यनाथ सरकार

लखनऊ, जेएनएन। उत्तर प्रदेश में लव जिहाद के बढ़ते मामलों के बाद योगी आदित्यनाथ सरकार अब इस पर अंकुश लगाने की तैयारी में है। लव जिहाद के मामलों के कारण लगातार प्रदेश की कानून-व्यवस्था भी बिगड़ रही है। जिसको लेकर गंभीर हो चुकी सरकार ने बड़ा कदम बढ़ा दिया है।

मध्य प्रदेश सरकार के बाद उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने लव जेहाद के खिलाफ कानून लाने की तैयारी शुरू कर दी है। देश में लव जिहाद के खिलाफ मुहिम में योगी आदित्यनाथ सरकार शामिल हो गई है। मध्य प्रदेश में लव जिहाद के खिलाफ कानून बन चुका है जबकि उत्तर प्रदेश के साथ ही हरियाणा सरकार ने इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश के गृह विभाग ने कानून विभाग को इस बाबत प्रस्ताव भेज दिया है। इस कानून के बनने के बाद आरोपित को कम से कम पांच वर्ष की सजा होगी और इस मामले में कहीं पर भी कोई सुनवाई नहीं होगी। इतना ही नहीं आरोपित से काफी बड़ी जुमार्ना भी वसूला जाएगा। यह गैर-जमानती अपराध होगा और दोषियों को पांच साल तक की सजा का प्रावधान होगा।

प्रदेश में कुछ समय से लगातार लव जिहाद के ऐसे केस सामने आए हैं, जहां प्यार या शादी के नाम पर धर्म परिवर्तन किया गया। जिसके बाद लड़की को छोड़ दिया गया। उसको कहीं से भी न्याय न मिलता देख अब सरकार बेहद गंभीर है। प्रदेश में अब लव जिहाद पर कानून बनने पर इसको विधानसभा सत्र में धर्म स्वातंत्रय कानून के विधेयक के रूप पेश किया जाएगा। कुछ दिनों में बदांयू, मेरठ, खीरी, कानपुर में लव जेहाद के मामलों ने तूल पकड़ लिया है। लड़कियों को प्रेमजाल में फंसाने की बातें सामने आई हैं। कानपुर के बर्रा-6 की युवती ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर धर्म परिवर्तन कर अपनी मर्जी से निकाह करने की बात कही थी। एक महीने बाद 31 जुलाई को विवाह कर लिया।कोर्ट ने कहा कि रिकार्ड से स्पष्ट है कि शादी करने के लिए धर्म परिवर्तन किया गया। ऐसा ही मामला बरेली से भी आया, जिसमें लड़की घर से गायब हो गई फिर वायरल वीडियो में मुस्लिम लड़के से निकाह की बात कही।

कानून बन जाने के बाद आरोपितों पर गैर जमानती धाराओं में केस दर्ज कर पांच वर्ष तक की कठोर सजा का भी प्रावधान कर दिया जाएगा। शादी के लिए धर्मांतरण कराने वालों को भी सजा देने का प्रावधान इस कानून में रहेगा। जोर जबर्दस्ती या बलपूर्वक की गयी शादी, धोखे से पहचान छिपाकर की गई शादी को इस कानून के बाद रद माना जायेगा। पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐलान किया था कि राज्य में लव जिहाद के खिलाफ कानून बनेगा। उन्होंने उपचुनाव के दौरान रैली करते हुए भी साफ कहा था कि नाम और पहचान बदलकर बहन-बेटियं की इज्जत से खेलने सावधान हो जाएं वरना उनका राम नाम सत्य होगा।

यूपी के कानून मंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि इस तरह के मुद्दे राज्य के सांप्रदायिक सद्भाव को प्रभावित कर रहे थे, जिन्हें गंभीरता से लेने की आवश्यकता थी। जो लोग इस तरह के काम कर रहे हैं, उन्हें नाम बदलकर शादी करने और सामाजिक समरसता को बिगाड़ने की इजाजत नहीं होगी। सरकार ने पहले ही इसे कानून के रूप में लेने की योजना बनाई थी और प्रक्रिया शुरू हो गई है। मसौदा तैयार किया गया है और जल्द ही इसे सार्वजनिक डोमेन पर रखा जाएगा।

प्रदेश के हज एवं अल्पसंख्यक राज्य मंत्री मोहसिन रजा ने कहा कि प्रदेश में लव जेहाद के बढ़ते मामले देखकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कानून बनाने का जो फैसला किया है वह बड़ा कदम होगा। अब प्रदेश में लड़कियों को बहला-फुसलाकर कोई भी धर्म परिवर्तन यानी लव जेहाद करने से पहले हजार बार सोचेगा।

इस बीच में लव जेहाद के लगातार बढ़ते केस देख हमले कानून बनाने का फैसला किया है। अब हमारे उत्तर प्रदेश में यह नहीं चलेगा कि मिशन के तहत लड़कियों को बहला-फुसलाकर धर्म परिवर्तन कराएं या अपने मिशन का पार्ट बनाएं। सीएम योगी आदित्यनाथ का साफ संदेश है कि जेहादी अब प्रदेश में टिक नहीं सकेंगे। इतना कड़ा कानून बन रहा है कि लोग लव जिहाद करने से पहले हजार बार सोचेंगे।

श्रम मंत्रालय ने दिया 12 घंटे के रोजाना कार्यदिवस का प्रस्ताव

नई दिल्ली, पीटीआइ। केंद्रीय श्रम मंत्रालय ने कर्मचारियों के हित में एक बड़ा कदम उठाया है। मंत्रालय ने संसद में हाल ही में पारित एक कानून में रोजाना काम के घंटे को बढ़ाकर अधिकतम 12 घंटे किए जाने का प्रस्?ताव दिया है। अभी एक दिन का कार्य दिवस अधिकतम आठ घंटे का होता है। समाचार एजेंसी पीटीआइ के मुताबिक, मंत्रालय ने व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य शर्तें संहिता 2020 के मसौदा नियमों के तहत ऐसा प्रस्ताव दिया है।

मंत्रालय की ओर से दिए गए प्रस्ताव के मुताबिक, इस 12 घंटे की अवधि के बीच में अल्पकालिक अवकाश यानी इंटरवल भी शामिल है। सबसे बड़ी बात यह कि 19 नवंबर 2020 को अधिसूचित इस मसौदे में साप्ताहिक काम के घंटे को 48 घंटे पर ही बरकरार रखा गया है। मौजूदा प्रवाधानों के मुताबिक, आठ घंटे के कार्यदिवस में काम करने का सप्ताह छह दिन का ही होता है। इसमें एक दिन अवकाश का भी शामिल होता है। श्रम मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी की मानें तो मंत्रालय की ओर से ऐसा प्रस्ताव देश की विषम जलवायु परिस्थिति के मद्देनजर दिया गया है।

दरअसल, भारत में एक कार्यदिवस का काम पूरे दिन में बंटा होता है। समाचार एजेंसी पीटीआइ की रिपोर्ट के मुताबिक, श्रम मंत्रालय के इस प्रस्ताव के अमल में आने से श्रमिकों को ओवरटाइम भत्ता के जरिए अधिक कमाई करने की अतिरिक्त सुविधा मिल जाएगी। अधिकारी ने बताया कि हमने मसौदा नियमों में ऐसा प्रावधान किया है ताकि आठ घंटे से ज्यादा काम करने वाले श्रमिकों को ओवरटाइम पाने की सुविधा मिल सके। ओएसएच संहिता के मसौदा नियमों के अनुसार किसी भी दिन ओवरटाइम की गणना में 15 से 30 मिनट के समय को 30 मिनट गिना जाएगा।

मौजूदा वक्त में जो व्यवस्था है उसके अनुसार 30 मिनट से कम समय की गिनती ओवरटाइम के रूप में नहीं की जाती है। ओएसएच संहिता के मसौदा नियमों में कहा गया है कि किसी भी श्रमिक को एक हफ्ते में 48 घंटे से अधिक समय तक किसी प्रतिष्ठान में काम करने की जरूरत नहीं होगी। काम के घंटों को इस तरह से व्यवस्थित करना होगा कि इंटरवल यानी मध्यावकाश समेत किसी भी दिन काम के घंटे 12 से अधिक नहीं हों। मसौदे में साफ कहा गया है कि कोई भी कर्मचारी कम से कम आधे घंटे के इंटरवल के बिना पांच घंटे से ज्यादा लगातार काम नहीं करेगा।

जेईई और नीट जैसी परीक्षाएं फिलहाल नहीं होगी ऑनलाइन एनटीए ने व्यवस्था को फुलप्रूफ बनाने की जरूरत बताई

नई दिल्ली, जेएनएन। कोरोना संकटकाल में छात्रों की घर बैठे पढ़ाई जरूर शुरू हो गई है लेकिन ऑनलाइन परीक्षा की शुरूआत में अभी और वक्त लगेगा। खासकर जेईई और नीट जैसी एकल परीक्षाओं में अभी इसे बिल्कुल भी नहीं आजमाया जाएगा। इसकी वजह इन परीक्षाओं का अभी पूरी तरह से फुलप्रूफ न होना है। ऐसे में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने आनलाइन परीक्षा की इस व्यवस्था को और फुलप्रूफ बनाने में जुटी हुई है। हालांकि इसके बाद भी सभी छात्रों के पास स्मार्ट फोन या लैपटाप न होने के साथ इंटरनेट भी एक अलग समस्या है। इसे सुलझाने के लिए भी मंथन किया जा रहा है। ऑनलाइन परीक्षाओं को लेकर यह तैयारी कोरोना काल में शुरू हुई। इसे लेकर एक प्राक्टर तकनीक की भी मदद ली गई है। इसमें परीक्षा के दौरान छात्रों के हरेक मूवमेंट पर एक ही जगह से नजर रखी जा सकेगी। एनटीए ने इसके जरिए कुछ ऐसी छोटी परीक्षाएं कराई भी, जो कई चरणों में होनी थी। उनमें चयन के कई मापदंड थे। ऐसे में इनमें गड़बडी की आशंका कम थी। बावजूद इसके एनटीए के सामने इस दौरान कई ऐसे चुनौतियां आई हैं जिसका हल खोजा जा रहा है। यही वजह है कि एनटीए ने व्यवस्था को फुलप्रूल बने बगैर इसे पूरी तरह से लागू करने से इंकार किया है। साथ ही इन सारे पहलुओं से शिक्षा मंत्रालय को भी अवगत कराया है। एनटीए से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक फिलहाल कोई भी ऐसी परीक्षा आनलाइन नही कराई जाएगी, जिसमें चयन की एकल विंडों है। इनमें जेईई और नीट जैसी परीक्षाएं भी शामिल है। इन परीक्षाओं के जरिए छात्रों की सीधे चयन होता है। ऐसे में कोई भी छात्र नकल या फिर धोखाधड़ी कर सकता है।

दिल्ली मुंबई सेक्टर पर दौड़ती रहेंगी ट्रेनें, रेल मंत्रालय ने ट्रेनों को रद करने की खबरों को बताया गलत

नई दिल्ली, एजेंसियां। देश के कई राज्यों में कोरोना संक्रमण के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी देखी जा रही है। इसे लेकर देश में दोबारा लॉकडाउन लगाए जाने की अटकलों के साथ ही दिल्ली-मुंबई रेल सेवा पर रोक लगाने जैसी खबरें भी सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी हैं। इन रिपोर्टों और आशंकाओं के सामने आने के बाद प्रशासनिक अमले से स्पष्टिकरण भी आने शुरू हो गए हैं। मध्य प्रदेश और गुजरात की सरकारों ने लॉकडाउन लगाए जाने की खबरों को खारिज कर दिया है। वहीं रेल मंत्रालय ने साफ किया है कि दिल्ली-मुंबई सेक्टर में रेल सेवाएं बदस्तूर जारी रहेंगी।

रेल मंत्रालय ने ट्वीट कर कहा है...'दिल्ली मुंबई सेक्टर पर कुछ ट्रेनों को रद करने के बारे में आज कुछ मीडिया रिपोर्टें सामने आई हैं। रेलवे यह स्पष्ट कर रहा है कि उसने मुंबई दिल्ली सेक्टर पर ट्रेनों को रद्द करने के बारे में कोई निर्णय नहीं लिया है।' यानी रेल मंत्रालय के इस बयान से बिल्कुल साफ है कि दिल्ली मुंबई सेक्टर पर रेल सेवाएं पहले की तरह जारी रहेंगी। उधर, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और गुजरात के सीएम विजय रूपाणी ने राज्य में लॉकडाउन लगाए जाने की अटकलों को खारिज कर दिया है। उल्लेखनीय है कि देश में बीते 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 45,882 नए मामले सामने आए हैं जबकि 584 लोगों की मौत हो गई है। इसके साथ ही देश में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़कर 90,04,365 हो गए हैं जबकि मृतकों की संख्या बढ़कर 1,32,162 हो गई है। वहीं रिकवरी रेट बढ़कर 93.6 फीसदी हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से साझा की गई जानकारी के मुताबिक, संक्रमण से मरने वालों की दर घटकर 1.46 फीसदी रह गई है। मौजूदा वक्त में देश में 4,43,794 लोगों का इलाज चल रहा है। देश में बीते 20 नवंबर तक 12,95,91,786 नमूनों की जांच की गई है।

सिरदर्द बना किसान आंदोलन : पंजाब में ट्रेनें ठप होने से रेलवे को 2,220 करोड़ की चपत

कृषि कानूनों के विरोध में पंजाब में पिछले 55 दिनों से जारी किसानों के आंदोलन की वजह से जहां स्थानीय उद्योग और व्यापार प्रभावित हुआ वहीं किसानों का आंदोलन पटरियों पर होने की वजह से रेलवे को 2220 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है।

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली। कृषि कानूनों के विरोध में पंजाब में पिछले 55 दिनों से जारी किसानों के आंदोलन की वजह से जहां स्थानीय उद्योग और व्यापार प्रभावित हुआ है, वहीं भारतीय रेलवे को भारी चपत लगी है। किसानों का आंदोलन पटरियों पर होने की वजह से 2,352 पैसेंजर ट्रेनें या तो रद कर दी गई या उनका रास्ता बदल दिया गया। पंजाब जाने के लिए माल से भरे 230 रैक राज्य के बाहर इधर-उधर खड़े हैं। रेलवे सूत्रों के मुताबिक, पैसेंजर और मालगाड़ियों का संचालन बाधित होने से रेलवे को अब तक कुल 2,220 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। पंजाब में रोजाना 40 रैक की लोडिंग होती है। भारतीय रेलवे को अकेले पंजाब से रोजाना 14.85 करोड़ रुपये का औसत राजस्व प्राप्त होता है। दैनिक ट्रेनों को रद करने से भी रेलवे को 67 करोड़ रुपये की चपत लगी है।

मालगाड़ियों की आवाजाही भी पूरी तरह ठप है। प्रतिदिन औसतन 30 रैक का नुकसान सीधे तौर पर होता है, जिनकी लोडिंग पंजाब के विभिन्न स्टेशनों पर की जाती है। बाहर से पंजाब में रोजाना 40 रैक आते हैं, जो नहीं पहुंच पा रहे हैं। इस दौरान कुल 3,850 मालगाड़ियों की लोडिंग नहीं हो सकी है। भरे माल के साथ राज्य के बाहर 78 मालगाड़ियां कोयले से भरी हैं, जबकि 34 रैक खाद से भरी इधर-उधर फंसे हुए हैं। आठ रैक सीमेंट और आठ पेट्रोलियम उत्पादों से लोड हैं। कंटेनर, स्टील और अन्य जिंसों से भरे कुल 102 रैक भी फंसे हैं। इसी तरह पंजाब के भीतर 33 रैक खड़े हैं। इन रैकों को खींचकर लाने-ले जाने वाले कुल 96 रेल इंजन भी पंजाब में फंसे हुए हैं।

संक्षेप समाचार

संगम पर आयोजित अखण्ड रामायण पाठ का समापन

प्रयागराज। चार दिवसीय छठ महापर्व शुक्रवार से प्रारंभ हो गया। संगम तट पर छठ महोत्सव की सकुशलता पूर्वक सम्पन्न होने के लिये पूर्वांचल विकास एवं छठ पूजा समिति द्वारा चल रहा 24 घंटे का अखण्ड रामायण पाठ शुक्रवार को समाप्त हो गया। इस मौके पर जिलाधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी ने समिति के पण्डाल में पहुंचकर समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों को छठ पूजा की बधाई देते हुये कहा कि कोविड-19 के प्रति लोगों को जागरूक करना हम सब की जिम्मेदारी है। जिसे समिति बाखूबी निभा रहा है। आज शनिवार को हमारे सामने एक चुनौती है। जिसे हम सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुये व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को जागरूक करेंगे। पूर्वांचल विकास एवं छठ पूजा समिति के अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि अखण्ड रामायण पाठ के समापन पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। साथ ही सोशल डिस्टेसिंग व सेनेटाइजर मशीन के जरिये यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को सेनेटाइजेशन किया गया। इस मौके पर छठ गीतों की मनमोहक प्रस्तुति से लोग आहलादित हो उठे।

डूबते सूर्य देव को अर्घ्य देकर व्रतियों ने मनाया छठ महापर्व

घूरपुर। संतान की लंबी आयु एवं परिवार की उन्नति के लिए शुक्रवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर सैकड़ो व्रतियों ने छठी मइया का पूजन किया। सूर्य उपासना के इस महापर्व के लिए यमुना किनारे भारी संख्या में श्रद्धालु जुटे।

शुक्रवार के दिन इरादतगंज, सुजावन देव यमुना घाट पर व्रतियों के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ पटाखे फोड़ते यमुना घाट पर पहुंचे। छठ महापर्व पर छठ माता की महिमा और सूर्य देव की अराधना से संबंधित महिला श्रद्धालुओं द्वारा गाई मंगल गीत-संगीत ने श्रद्धालुओं को भक्ति से सराबोर कर दिया। यहां व्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर छठी माता की पूजा की। साथ ही ईश्वर से सुख-शांति की कामना की। व्रतियों ने छठ प्रसाद में ठेकुआ, टिकरी व चावल के लड्डू बनाए। शाम के समय एक बांस की टोकरी में अर्घ्य देने वाले सूप को सजाया गया। व्रती पैदल ही सूर्य को अर्घ्य देने यमुना घाट पर पहुंचे। सूर्य को जल और दूध से अर्घ्य देकर छठी मइया की सूप से पूजा की गई। शनिवार की सुबह भी लोग घाट पर एकत्रित होने लगेंगे। सूर्योदय तक छठ मइया की पूजा की जाएगी। उगते सूर्य को व्रती अर्घ्य देंगे। इसके बाद महिलाएं अपने-अपने घरों में पूजा करेंगी। फिर उपवास तोड़ेंगी। इसके बाद 4 दिवसीय छठ महापर्व का समापन होगा।

इरादतगंज यमुना घाट पर डूबते सूर्य को अर्घ्य देते श्रद्धालु

संघ प्रमुख मोहन भागवत के कार्यक्रम स्थल व घूरपुर थाने का डीएम एसएसपी ने किया निरीक्षण

घूरपुर। संघ प्रमुख मोहन भागवत के गौहनिया में शनिवार को होने वाले कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार के दिन एसएसपी प्रयागराज व डीएम प्रयागराज के साथ कई अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण किया ।साथ ही घूरपुर थाने का भी निरीक्षण किया ।

शनिवार के दिन गौहनिया स्थित वात्सल्य पब्लिक स्कूल में संघ प्रमुख मोहन भागवत का कार्यक्रम है ।संघ प्रमुख के कार्यक्रम की जानकारी होते ही शुक्रवार के दिन एसएसपी प्रयागराज सर्वश्रेस्ठ त्रिपाठी व डीएम भानुचंद्र गोस्वामी के साथ कई बड़े अधिकारी कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने के बाद दोनों अधिकारी घूरपुर थाने पहुंचे तो पुलिस कर्मियों में हड़कम्प मच गया । एसएसपी ने इस बीच घूरपुर थाने के कार्यालय का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों के बारे पूंछतांछ व मुकदमो के बारे में गंभीरता से जानकारी ली । इस बीच एसएसपी ने क्षेत्र में भ्रमण शील व अपराधों पर नियंत्रण रखने की भी पुलिस कर्मियों को हिदायत दी। आधे घंटे तक एएसपी घूरपुर थाने में रहे ।

ढाई किलो गांजा के साथ आधा दर्जन तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

घूरपुर पुलिस के कब्जे में गांजा तस्कर

घूरपुर। घूरपुर पुलिस ने शुक्रवार की भोर गस्त के दौरान आधा दर्जन गांजा तस्करों को दबोच उनके पास से ढाई किलो गांजा बरामद करते हुए तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेजा है ।

घूरपुर एसओ भुवनेश कुमार चौबे अपने हमराहियों के साथ शुक्रवार की भोर गस्त कर रहे थे इसी बीच जेपीएस डिग्री कॉलेज के पास कुछ संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखते ही भागने लगे ।पुलिस टीम ने सभी आधा दर्जन आरोपियों को पकड़ लिया ।थाने ले आकर उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास से दो किलो पांच सौ ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ ।पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के नाम दिलीप कुमार पुत्र मेवालाल निवासी सेन्धुआर, नवीन कुमार पुत्र महेंद्र कुमार बिंद निवासी मिश्रा का पुरवा थाना औद्योगिक क्षेत्र, राज कुमार पुत्र नचकउ निवासी चिल्ली चकिया घूरपुर, भुल्लू उर्फ भुल्लन निवासी मुंडीचक नैनी, दीपू जायसवाल निवासी गौहनिया व दीपक कुमार निवासी कांटी थाना घूरपुर बताया ।सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने जेल भेज दिया है ।

पराली को लेकर किसान परेशान

नारीबारी। क्षेत्र में जहां धान की फसल लगभग तैयार हो चुकी है वही दूसरी ओर इसके पराली को लेकर किसान चिन्तित भी है क्योंकी शासन प्रशासन द्वारा पराली को जलाने को सक्त मनाही है और इसकी शिकायत मिलने पर किसानों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही भी की जा रही है यदि क्षेत्रीय किसानों की माने तो इसको लेकर उनका कहना है कि एक तरफ शासन पराली जलाने को लेकर सख्त है लेकिन इस पराली को किस तरह नष्ट किया जाय इस सन्दर्भ में शासन प्रसाशन द्वारा कोई निकाश नही बताया जाता है इस अवस्था में किसानो की खेती योग्य भूमि भी पराली से फंस जाती है और अगली फसल किस तरह बोई जायेगी इस समस्या को लेकर भी वह काफी जद्दोजहद में है करे तो क्या करें पराली नष्ट करने को लेकर कोई वैज्ञानिक उपाय भी समझ मे नही आता और न ही इससे सम्बन्धित कोई दवा इत्यादि इजात कराई गयी है क्षेत्रीय किसानों ने इस समस्या को लेकर शासन प्रशासन से कोई ठोस कदम उठाने की मांग की हैं जिससे किसान स्वतंत्र होकर अपने खेती बाडी के काम में लग सके ।

फलों से सजी कोल सूप को सजा कर घर से गीत गाती निकली महिलाएं

खीरी बाजार के निकट मंगल-पार्क में डूबते सूर्य का अर्घ्य देतीं व्रती महिलाएं

खीरी। यमुनापार क्षेत्र में बिहार प्रांत से आए महिलाओं ने जगह-जगह पर ताल-तलैया, नहर, पोखरे में डूबते सूर्य को शुक्रवार को अर्घ दिया। जिसमें महिलाएं बांस के बने कोलसूप या पीतल के बड़े बर्तन में कई तरह के फल सजा कर अपने-अपने घरों से निकलकर पास के सुंदर और साफ जल में खड़ी होकर डूबते सूर्य को अर्घ देकर मनचाहा वरदान भगवान सूर्य से मांगी। अर्घ देने के दौरान खीरी बाजार के निकट मंगल-पार्क में छठ व्रत के दौरान भव्य जलसा बन गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाएं बच्चे मौजूद रहे। वही बच्चे जलसा के दौरान पटाखे भी खूब फोड़े। मंगल -पार्क में डॉ मुन्ना सिंह, श्री भगवान सोनी, राम सूरत सिंह, शतानंद सिंह, अर्जुन सिंह,लाल साहब सिंह,र ाम सेवक सिंह समेत दर्जनभर घरों की महिलाएं मंगल- पार्क में पहुंचकर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। हालांकि खीरी बाजार के निकट इटवा, महुली, छापर, हरिहरपुर, बेलहा, जोरवत, पाठकपुर समेत दर्जन भर जगहों पर छठ पर्व का आयोजन किया गया। बतातें चले कि इस छठ पर्व को सम्पन्न होने में 72 घंटे का समय लगता है और सुगा मुरछाय एवं बहंगी लचकत जाए जैसे गीत बहुत ही प्रचलित है। उक्त छठ महापर्व में केला, नाशपाती, गोखरू, आरू, मुसम्मी, अनानास, केला, सुथनी, भीगा चना, भीगा मोमफली, शुद्ध गेहूं का आटा व गाय का शुद्ध घी से बना ठेकुआ, चावल के आटे से बना लडुआ समेत कई तरह का फल व व्यंजनों का प्रयोग किया जाता है ।छठ पूजा में घर के सभी सदस्यों का पूरा योगदान रहता है। उक्त छठ पूजा कार्यक्रम में राम चरित्र कल्याण समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार समेत ग्राम प्रधान खीरी ने साफ सफाई में सहयोग भी किया।

बाल श्रम बच्चों के विकास में बाधक : हिना कौसर

बारा तहसील के बेमरा ग्राम में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन, दी गई कानून की जानकारी

बाल श्रम को लेकर लोगों को जानकारी देते हिना कौसर

शंकरगढ़। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के बैनर तले बारा तहसील के शंकरगढ़ अंतर्गत ग्राम बेमरा में बाल श्रम, बाल अधिकार, बाल शिक्षा विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता प्राधिकरण के जिला सचिव चंद्रमणि ने की। शिविर में अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) हिना कौसर द्वारा बच्चों के मूल अधिकार से संबंधित अनुच्छेद 24 व बच्चों के साथ यौन शोषण की बढ़ती घटनाओं उनसे जुड़ी धारा और अधिनियम की जानकारी दी गई। हिना कौसर ने यह भी बताया कि बाल श्रम बच्चों के विकास में बाधक है और शिक्षा के माध्यम से बाल श्रम को रोका जा सकता है। न्यायिक अधिकारी मनाली चंद्रा (अपर सिविल जज, जूनियर डिविजन) ने बाल श्रम अधिनियम 1986, पॉक्सो कानून 2012 पर प्रकाश डाला और गांधीजी व गोखलेजी के आदर्शों से अवगत कराया। प्राधिकरण के जिला सचिव चंद्रमणि ने कहा की समाज में हो रहे बाल अपराध को समाप्त करने के लिए बाल शिक्षा और बाल श्रम पर रोक लगाकर उसे समाप्त किया जा सकता है। कहा कि तहसील बारा के नागरिकों के मुकदमे यदि न्यायालय में विचाराधीन चल रहे हों और उन्हें कोई अधिवक्ता धन के अभाव में नहीं मिल पा रहा है, तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में अपना प्रार्थना पत्र दे सकता है, उसे निशुल्क वकील उपलब्ध कराया जाएगा। अधिवक्ता राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने तहसील बारा की जनता को विधिक जानकारी प्रदान करते हुए न्याय दिलाने के लिए आश्वस्त कराया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रधान मोहम्मद शमीम ने किया। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी नितिन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

ससुराल जनों ने दहेज के लिए गर्भवती महिला को पीटकर भगाया

उतरांव। उतरांव थाना क्षेत्र के बसगित गांव में ससुराल जनों ने दहेज के लिए एक गर्भवती महिला को मारपीट कर घर से भगा दिया। पीड़िता ने उतरांव थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की हैं। अकोढा थाना कौंधियारा गांव निवासी शिवकुमार हलवाई जो मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता हैं।शिवकुमार ने 19 नवंबर 2019 में अपनी बेटी की शादी बसगित गांव निवासी गुलाब चंद मोदनवाल के बेटे पवन मोदनवाल से बहुत ही धूमधाम से किया था। दहेज में पिता ने भारी मात्रा में सामान भी दिया था। कुछ दिन तक सही चला।आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ससुराल जनों द्वारा हमेशा विवाहिता को प्रताड़ित करने लगे। विवाहिता फिलहाल जुल्म सहती रही। 18 नवंबर को गर्भवती महिला ससुरालजनों द्वारा पति सास ननंद समेत ससुर ने मारा पीटा तथा मारपीट कर घर से भगा दिया। वेतन गर्भवती विवाहिता ने आपबीती अपनी मां को बताई। मां बसगित गांव पहुचकर ससुराल जनो से घर पहुंच कर पूछा तो सभी मिलकर मारने पीटने की धमकी दी।घायल पीड़िता शिवानी हलवाई ने थाने में ससुर ननद पति सास के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

विद्युत महा शिविर 24 और 25 को

कोराव देहात और देवघाट पावर हाउस पर उपभोक्ता बिल सम्बंधित समस्याओं के लिए सम्पर्क करें : दिपेश कुमार गुप्ता

कोरांव। सरकार की मंशानुसार बिजली उपभोक्ताओं की सहूलियत हेतु विद्युत विभाग द्वारा दिनांक 24 एवं 25 नवम्बर 2020 को क्रमशः कोरांव देहात विद्युत सब स्टेशन व देवघाट सब स्टेशन पर विशाल कैम्प का आयोजन विद्युत अभियन्ता व एसडीओ विद्युत कोरांव द्वारा आयोजित किया गया है।

उक्त जानकारी दिपेश कुमार गुप्ता विद्युत अवर अभियंता कोरांव ने प्रेस प्रतिनिधि को दी। उन्होंने बताया कि 24 नवम्बर को कोरांव देहात व 25 नवम्बर को देवघाट पावर हाउस पर जिन बिजली उपभोक्ताओं को बिल या मीटर या पीडी के लिए व किसी समस्या अथवा नए कनेक्शन की जरूरत वगैरह हो उक्त शिविर पर आकर लाभ उठा सकते हैं और समस्याओं का निदान कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि लोग अवैध कनेक्शन से बचें। समय से बिजली का बिल जमा करें। उनकी किसी भी समस्याओं के निदान हेतु हम तत्पर हैं।

विश्वबाल दिवस पर शायरा खान को थाना प्रभारी बनाया गया

शायरा खान

मऊआइमा। विश्व बाल दिवस पर मऊआइमा पुलिस ने बालिकाओं को थाने बुला कर एक छात्रा शायरा खान को थाना प्रभारी बना कर पुलिस के कर्तव्यों के बारे में आयी तमाम छात्राओं को जानकारी दी गयी। मऊआइमा थाना परिसर में शुक्रवार को विश्व बाल दिवस पर अंसार गर्ल्स इंटरमीडिएट कालेज एंव जनता इंटर कालेज की छात्राओं को बुलाया गया तथा अंसार गर्ल्स की छात्रा शायरा खान पुत्री हजरत अली को थाना प्रभारी बनाया गया और पुलिस के कर्तव्यों के प्रति इंस्पेक्टर राम केवल पटेल ने बालिकाओं को जानकारी दिए। एंव महिलाओं के सम्बंधित अपराधों के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया एंव उन्हें जागरूक किया गया । यही नहीं पूरे थाना परिसर में बालिकाओं को घुमा कर पुलिस की कार्यवाही के बारे में अवगत कराया गया। थाना प्रभारी बनायी गयी शायरा खान तथा तमाम बालिकाओं को बताया गया कि प्रभारी की अहम जिम्मेदारी होती है। इस अवसर पर इंस्पेक्टर राम केवल पटेल ने बालिकाओं को जागरूक बनने की अपील किए। बालिकाओं ने पुलिस के कामों और जिम्मेदारियों को सुन और समझ कर काफी खुश नजर आयी।

सपा कार्यकर्ताओं से प्रचार अभियान में तेजी लाने की अपील की

प्रयागराज। स्नातक एमएलसी चुनाव में जीत हासिल करने के लिए सपा पूरी तरह से मैदान में है। एक दिन पहले ही हुई केंद्रीय चुनाव संचालन समिति की बैठक में जहाँ पार्टी के बड़े नेताओं, पदाधिकारियों एवं जिम्मेदार लोंगो ने मोर्चा संभाल लिया है वहीं सपा के युवा फ्रांटल संगठनों, सभी प्रकोष्ठ के नेताओं को भी आज जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी के जिला अध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव ने पार्टी कार्यालय में बैठक कर सभी युवा संगठनों एवं प्रकोष्ठ के लोंगो को ब्लाक वार जिम्मेदारी सौंपते हुए प्रचार अभियान में तेजी लाने की अपील की है। जिला कार्यालय में बैठक को संबोधित करते हुए सपा जिला अध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा शासन में सर्वाधिक युवा वर्ग परेशान हैं। सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोगों को पुलिसिया आतंक का शिकार होना पड़ता है।

छेड़खानी को खामोशी से न करें बर्दाश्त : थाना प्रभारी

कोरांव। मिशन शक्ति अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए पूरे प्रदेश में अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज व मनबोध बालिका इंटर कॉलेज कोरांव में कोरांव पुलिस द्वारा छात्राओं को महिला सुरक्षा और सम्मान के प्रति जागरूक किया गया। जागरूक के दौरान कोरांव थाना प्रभारी चंद्रभान सिंह ने छात्राओं से कहा कि अगर किसी भी प्रकार से परेशानी है तो 1090 (वूमेन पॉवर लाइन), 181 (महिला हेल्प लाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा) पर कॉल करे। उन्होंने कहा कि छेड़खानी का खामोसी से बर्दाश्त न करे सीधे पुलिस से शिकायत करे। थाना प्रभारी ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं तथा बालिकाओं को स्वावलंबी बनाना, उनमें सुरक्षित परिवेश की अनुभूति कराना, जन जागरूकता पैदा करना, आत्मसुरक्षा की कला विकसित करने के लिए महिलाओं एवं बच्चों को प्रशिक्षित करना, उनके प्रति हिंसा करने वाले लोगों की पहचान उजागर करना है। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ साबिर अली, उपनिरीक्षक अभिषेक तिवारी, कांस्टेबल सिद्धेश्वर पांडेय व महिला कांस्टेबल भी मौजूद रही।

गोपाल विद्यालय में छात्रों को जागरूक करते थाना प्रभारी चंद्रभान सिंह

घर के सामने खडी बाइक चोरी मुकदमा दर्ज

मऊआइमा। घर के सामने खडी बाइक चोर उडा ले गए। थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम महमदपुर (घीनपुर) निवासी अजय कुमार एडवोकेट अपनी बाइक घर के सामने खडी करके घर में चले गए। जब घर से निकले तो बाइक नदारत थी। अजय कुमार एडवोकेट ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर चोरों का पता लगाने में जुटी हुई है।

युवक की हत्या का नही हो सका खुलासा

करछना। बीते शनिवार की रात केचुहा गांव मे मुकेश पटेल की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी जिसमे पुलिस कई दिन बीत जाने के बाद भी हत्या का खुलासा करने मे नाकाम रही है जिससे परिजन समेत गांव के लोग भी हैरान है ।पुलिस कई लोगो को गिरफ्तार कर उसी दिन से पूछताछ कर रही लेकिन अभी तक किसी नतीजे पर नही पहुंच सकी है जिससे परिजनो मे मायूसी छाई है,इस बावत थाना प्रभारी अनिल कुमार सिह का कहना है कि पुलिस पूछताछ कर रही है जल्द ही हत्या का खुलासा कर दिया जाएगा।

संक्षेप समाचार

एक माह में महज 6100 कुंतल ही हुई धान की खरीद

प्रयागराज। किसानों को धान बेचने के लिए परेशान न होना पड़े और उपज की अच्छी कीमत मिले इसके लिए जिले में 130 धान क्रय केंद्र खोले गए हैं। लेकिन एक माह से अधिक समय बीतने के बावजूद अब तक केवल 6100 कुंतल ही धान की खरीद हो पाई है। धान की खरीद प्रभावित होने का मुख्य कारण केंद्र व्यवस्थापकों की उदासीनता भी है। जिले में धान की खरीद 15 अक्टूबर से शुरू की गई थी। समय बीतने के साथ क्रय केंद्रों पर किसानों के आने का सिलसिला तेज हो गया है लेकिन केंद्र प्रभारियों की ओर से मानक का हवाला देते हुए किसानों का धान लेने से इनकार कर दिया जा रहा है। ऐसे में परेशान किसान समर्थन मूल्य से 600 रुपए कम कीमत पर धान बेचने को मजबूर हो रहे हैं। सोरांव में खुले केंद्र में पिछले कई दिनों से धान की खरीद नहीं हो रही है, जिससे किसान परेशान हैं। वहीं होलागढ़ में खुले केंद्रों में से चार पर ही धान की खरीद की जा रही है। गोहरी के किसान रामसुख पटेल, कलंदरपुर के किसान मैकू लाल यादव गुरुवार को सोरांव के क्रय केंद्र पर धान बेचने आए लेकिन उनके धान की खरीद नहीं हो पाई। धान खरीद में किस कारण से उदासीनता दिखाई जा रही है इस सवाल पर जिला विपणन अधिकारी विपिन कुमार राय ने बताया कि कुछ स्थानों पर केंद्र व्यवस्थापक की लापरवाही से खरीद प्रभावित हो रही है। उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं मानक के अनुरूप धान केंद्रों पर न आने के कारण भी खरीद प्रभावित हो रही है। जिले में इस बार 1868 रुपए प्रति कुंतल की दर से दो लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

दिल्ली में छठ के आयोजन पर पाबंदी अनुचित : सिद्धार्थनाथ

प्रयागराज। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता और कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने दिल्ली सरकार द्वारा छठ महापर्व के आयोजन पर पाबंदी लगाए जाने को अनुचित करार दिया है। साथ ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल से पुनर्विचार की मांग की। कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए लोगों से घरों में पूजा करने की अपील करते हुए मंत्री ने कहा कि लोक आस्था के महापर्व पर किसी तरह की पाबंदी लगाना ठीक नहीं है। कोरोना के प्रोटोकाल का पालन करते हुए छठ महापर्व भी किया जा सकता है। यूपी सरकार ने छठ पर्व को लेकर पूरी तैयारी की है और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए मनाया जाएगा। दिल्ली सरकार को भी पाबंदी नहीं लगानी चाहिए।

भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रतियों ने मांगा आशीष

छठ मैया के गीतों से गुंजायमान हुआ संगम घाट

संगम तट पर अस्ताचलगामी सूर्य भगवान को अर्घ्य देने पहुंची व्रती महिलाएं व जमा भीड़

प्रयागराज। भगवान सूर्य की उपासना के महापर्व छठ के तीसरे दिन शुक्रवार को व्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को पहला अर्घ्य दिया अब शनिवार सुबह उगते हुए सूर्य को दूसरा अर्घ्य देने के साथ छठ पर्व सम्पन्न होगा। इसके पश्चात व्रती महिलाएं प्रसाद बांटेगी। संगम नोज स्थित घाटों पर अस्तचलगामी सूर्य अर्घ्य देने व्रतियों का सैलाब उमड़ पड़ा। अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर व्रतियों ने अपने घर परिवार व समाज की खुशहाली की प्रार्थना की' कोरोना काल में भी लोगों ने छठ मैया का पूजा धूमधाम से की। संगम घाट पर पूर्वांचल छठ पूजा समिति के अध्यक्ष अजय राय तथा उनकी टीम ने व्रतियों को के लिए सुविधा मुहैया के साथ-साथ वहां गायकों द्वारा छठ मैया का गीत गाया जा रहा था। छठ मैया के गीत से संगम घाट गुंजायमान हो उठा। संगम तट का नजारा देखते ही बन रहा था झालरों की सजावट तथा हाथों में एक कंधे पर बहंगी लेकर पुरुष वर्ग चल रहा था वही पीछे से महिलाएं छठ मैया का गीत गाते हुए उनके पीछे पीछे चल रहे थे। कांचही बांस के बहंगिया बहंगी लचकत जाय, इत्यादि छठ मैया की तरह-तरह के गीत गाते हुए महिलाएं संगम नोज स्थित घाट पर पहुंची वहां सूर्य भगवान को अस्त होने की प्रतीक्षा करती रहीं जैसे ही सूर्य भगवान अस्त हुए महिलाओं ने अर्घ्य देकर मंगल की कामना की। सबसे अच्छी बात यह रही की लोग स्वयं भी कोरोना से बचाव के साथ पर्व को उल्लास से मनाते नजर आये। हालांकि कोरोना काल में कुछ लोग घरों में ही भगवान भास्कर को अर्घ्य दिए, घाटों पर साफ-सफाई से लेकर आकर्षक रोशनी की व्यवस्था पूर्वांचल छठ पूजा समिति के अध्यक्ष अजय राय तथा उनके टीम तथा प्रशासन के सहयोग से स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया है। दरअसल, लोक आस्था का यह पर्व इसलिए तो अनूठा है कि इसमें प्रकृति की पूजा, प्राकृतिक चीजों के व्यापक प्रयोग की कुशलता, शिक्षा और स्वास्थ्य की सीख, स्वच्छता, संस्कृति, भाईचारा और आस्था का बेजोड़ मेल है।

आज होगी पूजा संपन्न

आज यानी शनिवार को उगते हुए सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर पूजा संपन्न होगी। इसके पहले श्रद्धालुओं ने बुधवार को नहाय-खाय और गुरुवार को खरना पूजा किया। शुक्रवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिए। आज शनिवार को उगते हुए सूर्य भगवान को अर्घ्य देने के साथ ही छठ महापर्व का समापन होगा। छठ पूजा के मद्देनजर संगम नोज पर एनडीआरएफ की टीम तथा पुलिस टीम भी मौजूद रही।

'कांचही बांस के बहंगिया बहंगी लचकत जाए' अरैल तट पर उमड़ा जनसैलाब

अरैल घाट पर अस्ताचलगामी सूर्य भगवान को अर्घ्य देतीं व्रती महिलाएं

डूबते हुए सूर्य को व्रतियों ने दी अर्घ्य

छठी मईया के जयकारे से गुंजायमान हो उठा अरैल घाट

नैनी। छठ महापर्व के तीसरे दिन शुक्रवार को छठ व्रतियों ने यमुना गंगा के जल में खड़ी होकर डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दी। शनिवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के पश्चात चार दिवसीय डाला छठ पूजन का समापन हो जाएगा। नैनी के अरैल घाट पर शुक्रवार शाम काफी चहल-पहल के साथ ही गुलजार दिखा। छठ मईया से जुड़े भक्ति गीतों को गाती हुई महिलाएं चल रही थी तो वहीं दूसरी ओर पुरुष वर्ग माथे व कंधे पर छठ मईया का बहंगी और हाथों में ईंख लेकर आगे चल रहे थे। यह नजारा बरबस ही लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने में लगा था। गीत गाते हुए महिलाएं अरैल घाट पर पहुंची तो पहले चारों ओर ईंख को स्थापित किया और फिर व्रती महिलाएं व पुरुष पानी में जाकर खड़े होकर डूबते हुए भगवान भास्कर को निहारने लगे। जब सूर्य देव डूबने लगे तो व्रती महिलाएं व पुरुष डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया। नहाय खाए के साथ शुरू हुए आस्था का महापर्व छठ मईया शनिवार सुबह उगते हुए सूर्य देव को अर्घ्य देने एके पश्चात समाप्त हो जाएगा।

केंद्रीय कारागार नैनी से फरार सिद्धदोष बंदी गिरफ्तार

नैनी पुलिस की गिरफ्त में फरार सिद्धदोष बंदी

नैनी। कोतवाली क्षेत्र के बांध रोड के समीप शुक्रवार को पुलिस ने जरिए मुखबिर की सटीक सूचना पर केंद्रीय कारागार नैनी से फरार चल रहे 25 हजार इनामिईया सिद्धदोष बंदी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पांच देसी बम बरामद करते हुए चालान कर दिए।

जानकारी के मुताबिक इटावा जिले के सहसो थाना क्षेत्र स्थित सिंडौस गांव निवासी राजू बसोर पुत्र सुकूरू के खिलाफ जनपद महोबा में मुकदमा अपराध संख्या 111/2006 धारा 302 व 376 के तहत मुकदमा पंजीकृत हुआ था। जिसे वहां की पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिए थे। न्यायालय ने उसे मृत्युदंड की सजा सुनाया था। जिस पर वह ऊपरी अदालत की शरण में चला गया और मृत्युदंड की सजा आजीवन कारावास में तब्दील हो गया। बीते कुछ वर्ष पूर्व उसे केंद्रीय कारागार नैनी के निरूध कर दिया गया। बीते 19 अगस्त को वह सुरक्षाकर्मियों को चकमा देकर केंद्रीय कारागार नैनी से फरार हो गया था। शुक्रवार को नैनी इंस्पेक्टर जीतेंद्र कुमार सिंह को जरिए मुखबिर से सूचना मिली की 25 हजार का इनामिईया एवं सिद्धदोष बंदी नैनी कोतवाली क्षेत्र के बांध रोड के समीप कहीं बाहर जाने की फिराक में मौजूद है। सटीक सूचना मिलते ही नैनी इंस्पेक्टर जीतेन्द्र सिंह ने एसआई सुशील कुमार, हेड कांस्टेबल रामशरण वर्मा, कांस्टेबल अनिरुद्ध यादव व सुभाष कुमार को साथ लेकर उक्त स्थान पर पहुंचे और घेराबंदी करते हुए सिद्धदोष बंदी को गिरफ्तार कर नैनी कोतवाली उठा लाए। पुलिस के मुताबिक आरोपी के कब्जे से पांच देसी बम बरामद किया गया है। हालांकि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए चालान कर दिए।

प्रयागराज जंक्शन पर बैगेज सैनिटाइजेशन एवं रैपिंग की सुविधा प्रारंभ

प्रयागराज। रेल प्रशासन अपने सम्मानित यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु निरन्तर प्रयासरत है । इसी क्रम में प्रयागराज मंडल के अंतर्गत कोविड-19 के संक्रमण से बचाव हेतु विभिन्न सुरक्षात्मक उपायों के अंतर्गत यात्रियों को बोर्डिंग पास की सुविधा, कांटेक्टलेस टिकट चेकिंग की सुविधा, थर्मल स्क्रीनिंग आदि सुविधाओं के साथ-साथ यात्रियों को पोस्टर, बैनर, एवं जन उद्घोषणा प्रणाली के मध्यम से जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को प्रयागराज मंडल के प्रयागराज जंक्शन पर यात्रियों के सामान के सैनिटाइजेशन एवं रैपिंग की सुविधा को मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज मोहित चंद्रा के निर्देशन में प्रारंभ किया गया। इस नवस्थापित मशीन द्वारा एक दिन में लगभग 2000 बैगो का सैनिटाइजेशन और 500 बैगों का रैपिंग की जा सकती है। इस मशीन की स्थापना रेल प्रशासन एवं Book-Baggage.com India Pvt. Ltd के सन्युक्त प्रयासों से किया गया है। यात्रियों द्वारा इस सुविधा के उपयोग के दौरान कोविड नियमो का अनुपालन सुनिश्चित कराने का सुझाव मंडल रेल प्रबंधक महोदय द्वारा दिया गयो इस सुविधा के अंतर्गत यात्रियों के सामान की सैनिटाइजेशन एवं रैपिंग करने की सुविधा Book-Baggage संस्था द्वारा प्रदान की जायेगी जिसके अंतर्गत यात्री अपने सामान का मात्र रु 10/- में सैनिटाइज एवं रु 50/- में सैनिटाइज एवं रैपिंग दोनों करा सकतें हैं। इस सुविधा को यात्री को स्टेशन के कान्कोर्स एरिया में स्थापित Book-Baggage संस्था के काउंटर पर सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते हैं इसके लिए यात्री किसी भी वढक (Google Pay, Phone Pay, Paytm) माध्यम से पेमेंट कर सकते हैं इस अवसर पर वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक अन्शु पाण्डेय, स्टेशन निदेशक श्री अनुपम सक्सेना सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

इंदिरा गांधी के जन्मदिवस पर हुई संगोष्ठी

संगोष्ठी में उपस्थित कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता

फूलपुर। फूलपुर नगर पंचायत के शेखपुर मोहल्ले में शुक्रवार को कांग्रेसी कार्यकताओं ने भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जन्मदिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। कांग्रेस पार्टी के फूलपुर ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह के आवास पर आयोजित संगोष्ठी में कांग्रेसियों ने इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर देश को सशक्त राष्ट्र बनाने पर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रयागराज के जिला प्रभारी व उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य राजेश दुबे ने उपस्थित लोगों से इंदिरा गांधी के आदर्शों पर चलने की अपील की। वहीं कांग्रेस नेत्री व समाजसेविका सिंधु सिंह ने प्रियदर्शिनी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनके द्वारा देश के उत्थान में किए गए कार्यों को याद किया। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण द्विवेदी उर्फ राजा बाबू ने भी भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की कृतियों पर प्रकाश डाला। ब्लाक अध्यक्ष बृजेश सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर कोमल नारायण गिरी प्रदेश महासचिव एनएसयूआई, गिरधारी लाल सरोज, नियाजउद्दीन, तेज विश्वकर्मा, जगदंबा यादव, मोहम्मद सलीम, राम कैलाश यादव, मोहम्मद साकिब, नरेंद्र सिंह सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खेलकूद : लक्ष्मण व लक्ष्मीबाई पुरस्कार के लिए चार दिसंबर तक करें आवेदन

प्रयागराज। विभिन्न खेलों के खिलाड़ी लक्ष्मण व रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार के लिए प्रयागराज, प्रतापगढ़, फतेहपुर और कौशांबी के खिलाड़ी चार दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अनिल तिवारी ने बताया कि आवेदन करने वाले खिलाड़ी का प्रदेश में मूल निवास, कम से कम लगातार तीन बार सीनियर स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले आवेदन कर सकते हैं। इनके अलावा खिलाड़ी डोपिंग का दोषी नहीं होना चाहिए, न्यायालय में वाद रहित तथा एक अप्रैल को 40 साल के हो चुके खिलाड़ी आवेदन के पात्र होंगे। दिव्यांग और वेटरन को भी पुरस्कार दिया जाएगा। पुरस्कार के लिए खिलाड़ी मदन मोहन मालवीय स्टेडियम से चार दिसंबर तक आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। चार दिसंबर को ही शामतक आवेदन पत्र जमा किया जा सकता है।

उत्तर मध्य रेलवे ने 9 जोड़ी ट्रेनों की गति बढ़ाई

02417/18 प्रयागराज-नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन 24 एलएचबी कोच के साथ 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली भारतीय रेलवे की पहली ट्रेन बनी

प्रयागराज। अपनी उत्कृष्ट गतिशीलता के लिए पहचानी जाने वाली उत्तर मध्य रेलवे को 130 किमी प्रति घंटे या इससे अधिक की गति से 100 से अधिक ट्रेनें चलाने का गौरव प्राप्त है। इनमें भारत की सबसे तेज ट्रेन गातिमान एक्सप्रेस और भारतीय रेल की सर्वाधिक औसत गति वाली वंदे भारत एक्सप्रेस वाली ट्रेन भी शामिल हैं। इसी क्रम में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल करते हुए उत्तर मध्य रेलवे 09 अतिरिक्त जोड़ी ट्रेनों की गति बढ़ा रहा है और ये ट्रेनें उत्तर मध्य रेलवे पर 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी। इन 09 जोड़ी ट्रेनों में उत्तर मध्य रेलवे के प्राथमिक अनुरक्षण वाली 02417/18 प्रयागराज-नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन सहित उत्तर मध्य रेलवे में पूर्ण या आंशिक यात्रा के दौरान 130 किलोमीटर प्रतिघंटा पर चलने वाली 08 जोड़ी महत्वपूर्ण पासिंग ट्रेनें हैं । उत्तर मध्य रेलवे में जिन 08 जोड़े अन्य ट्रेनों की गति में वृद्धि की गई है वो हैं, गाड़ी सं. 02559/60 मंडुआडीह-नई दिल्ली, गाड़ी सं. 02419/20 लखनऊ-नई दिल्ली, गाड़ी सं. 09038/37 बांद्रा-गोरखपुर, गाड़ी सं. 09040/39 बांद्रा-मुजफ्फरपुर, गाड़ी सं. 02565/66 डिब्रूगढ़-नई दिल्ली, गाड़ी सं. 02555/56 गोरखपुर-हिसार, गाड़ी सं. 02553/54 सहरसा-नई दिल्ली और गाड़ी सं. 02427/28 रीवा-नई दिल्ली एक्सप्रेस जो वर्तमान में विशेष ट्रेनों के रूप में संचालित हो रही हैं।

उत्तर मध्य रेलवे की सबसे प्रमुख ट्रेन गाड़ी सं. 02417/18 प्रयागराज-नई दिल्ली विशेष गाड़ी भारतीय रेल की 24 एलएचबी कोचों वाली पहली ट्रेन है जो 25.11.20 से 130 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से संचालित होगी।

16 जुलाई, 1984 से प्रारंभ हुई प्रयागराज एक्सप्रेस, यात्रियों को गुणवत्तायुक्त यात्रा अनुभव प्रदान कर रही है और इस ट्रेन ने पिछले 04 दशकों में कई मील के पत्थर हासिल किए हैं। 17 वैक्यूम ब्रेक वाले लाल रंग के डिब्बों के साथ शुरू की गई इस ट्रेन में 2003 में 24 कोच वाले नीले रंग के एयर ब्रेक स्टॉक में बदल दिया गया था और 16 दिसंबर, 2016 से 21 कोचों वाले नवीनतम एलएचबी रेक प्रयोग में लाए गए। इस ट्रेन की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसे दिनांक 18.12.16 से 22 कोचों तक बढ़ाया गया, दिनांक 15.05.17 से 23 कोच तक और दिनांक 02.09.2019 से अधिकतम 24 एलएचबी कोच से युक्त कर दिया गया है।

यह उपलब्धि उत्तर मध्य रेलवे द्वारा ट्रैक, रोलिंग स्टॉक, सिग्नलिंग और इलेक्ट्रिकल एसेट के उत्तम रखरखाव एवं परिचालनिक अनुशासन के कारण संभव हुई है।

होलागढ़ थाने की एक दिन के थाना अध्यक्ष बनीं रानी मिश्रा

होलागढ़ । अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर आज शुक्रवार को क्षेत्र के जूड़ापुर बीहर स्थित आदर्श इंटरमीडिएट कॉलेज की कक्षा दस की छात्रा रानी मिश्रा को एक दिन के लिए होलागढ़ थाना अध्यक्ष बनाया गया जिसमें छात्रा रानी मिश्रा ने बंदी गृह, कंप्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क व मालखाना का निरीक्षण किया और कहा कि मैं कर्तब्य और निष्ठां से कार्य करते हुए शोहदों के डर से माता-पिता अपनी बेटियों को स्कूल भेजने से डरते हैं वह बेहिचक होकर छात्राओं को विद्यालय भेजें । अपराध पर अंकुश लगाऊंगी व क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कहा अपराधियों पर शक्ति से कार्रवाई की जाएगी । जिसमें अपराध पर अंकुश लगाया जा सके । रानी मिश्रा ने बताया कि मुझे और पढ़ाई कर आईपीएस किरण बेदी की तरह बनना है और कानून व्यवस्था को ठीक कर गांव और क्षेत्र के लोगों का नाम रोशन करना है । हमारा घर जूड़ापुर बीहर में है मेरे पापा राजेश मिश्रा हाई कोर्ट में अधिवक्ता है । इस मौके पर लगभग 3 दर्जन छात्र रही। और कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय से भी मौके पर कुछ छात्राएं पहुंची । इस मौके पर इस्पेक्टर तारकेश्वर राय, एसआई मंगल सिंह, एसआई रविंद्र नाथ यादव, एसआई राघवेंद्र पांडे, कस्तूरबा विद्यालय से वार्डन प्रेमारानी नीतू सिंह आदि कई लोग मौजूद रहे ।

एक दिन के लिए थानाध्यक्ष का पद ग्रहण करतीं रानी मिश्रा

अखण्ड भारत संदेश के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

मुद्रक/प्रकाशक
स्वामी श्री योगी सत्यम

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

महिलाओं के सम्मान एवं आदर के लिए लोगों को आना होगा आगे : सोरांव इंस्पेक्टर

सोरांव थाने में बालिका दिवस पर महिलाओं का सम्मान करने के लिए इंस्पेक्टर सोरांव शिशु पाल शर्मा ने दिलाया संकल्प

समाज के लोगों को सर्वप्रथम महिला के आदर एवं सम्मान करने की है जरूरत : एसआई विनय शुक्ला

सोरांव। सोरांव थाना परिसर में शुक्रवार को इंस्पेक्टर शिशु पाल शर्मा की अध्यक्षता में विश्व बालिका दिवस को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में श्री शर्मा ने नारी सशक्तीकरण एवं महिला सुरक्षा के प्रति छात्रों को जानकारी देते हुए बताया कि हर व्यक्ति को महिला का सम्मान करने की अति अवश्यक है। नारी सम्मान एवं सुरक्षा का संकल्प लेते हुए सभी को जागरूक करने की जरूरत है। एंटी रोमियों प्रभारी एसआई विनय कुमार शुक्ला ने बताया कि सर्वप्रथम महिला का सशक्त एवं सुरक्षा प्रदान कर उनकी सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक होना चाहिए। जिससे विश्व बालिका दिवस पर महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण को आगे बढ़ाने के लिए लोगों को उनका सम्मान एवं सुरक्षा करना अवश्यक है। जिससे लोगों को महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण को आगे ले जाया जा सके। इस मौके पर सोरांव इंस्पेक्टर शिशु पाल शर्मा, एंटी रोमियो प्रभारी एसआई विनय कुमार शुक्ला,महिला कां0 प्रेम बाला, शिक्षिका वंदना समेत मेवा लाल इंटर कांलेज की छात्राएं मौजूद रहीं।

नारी सशक्तीकरण एवं महिला सुरक्षा के प्रति छात्रों को जानकारी देते इंस्पेक्टर सोरांव

प्रतापगढ़–कौशाम्बी

संक्षेप समाचार

रोडवेज बस दुर्घटनाग्रस्त घायल हुए तमाम यात्री

कौशांबी। रोडवेज बस चालकों की तेज गति पर नियंत्रण नहीं लग रहा है रोडवेज के चालक ओवरटेक कर जल्दी पहुंचने के चक्कर में अनियंत्रित तरीके से बसों का संचालन कर रहे हैं बीते दिनों शहजादपुर के पास रोडवेज बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से दर्जनों यात्री घायल हुए थे इसके पहले सैनी कोतवाली क्षेत्र के अझुवा के पास रोडवेज बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से दर्जनों लोग घायल हुए थे बीती रात फिर पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के सल्लाहपुर पुलिस चौकी से कुछ दूरी पर ओवरटेक के चक्कर में एक रोडवेज बस ट्रैक्टर से भिड़ गई,हादसा तेज था आधा दर्जन सवारी और चार रोडवेज के स्टाफ इस हादसे में घायल हुए हैं घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। इसी प्रकार कौशांबी सराय अकिल थाना क्षेत्र के फकीराबाद में घर के बाहर खड़े युवक को तेज गति बाइक चालक ने टक्कर मार दी जिससे युवक को गंभीर चोटें आई हैं घायल अवस्था में युवक को इलाज के लिए उसके परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया है।

विवाहिता ने लगाई फांसी, मौत से कोहराम

प्रतापगढ़। बीमारी से परेशान विवाहिता ने शुक्रवार की सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली के रानीगंज कैथौला चैकी के कलापुर गांव के विजय यादव की पत्नी मिथिलेश 45 शुक्रवार की सुबह गांव के समीप जंगल मे शौच को गई थी। काफी देर उसके वापस घर न पहुंचने पर परिजनो ने खोज की तो जंगल मे एक पेड़ पर फंदे से लटका विवाहिता का शव देख आवाक रह गये। परिजनों के मुताबिक मृतका इधर चार पांच वर्षो से बीमार चल रही थी। मनोचिकित्सक के द्वारा उसका इलाज कराया जा रहा था। इधर विवाहिता की मौत पर कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर चैकी इंचार्ज राजेश शुक्ला फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मृतका के शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिये भेजवाया।

सीओ की फटकार पर विद्यालय मे चोरी का दर्ज हुआ मुकदमा

प्रतापगढ़। सीओ की फटकार पर कोतवाली पुलिस ने विद्यालय मे चोरी की घटना को लेकर गुरूवार की रात केस दर्ज किया है। पूर्व माध्यमिक विद्यालय केशवपुर की प्रधाना ध्यापिका शशिकला पाण्डेय ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती सात मई की रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय मे चोरी की घटना अंजाम दी। चोर कमरे की खिड़की तथा दरवाजे की कुण्डी तोड़कर अंदर घुस गये। चोरों ने कमरे मे रखा कम्प्यूटर, यूपीएस तथा स्पोर्टस और विज्ञान किट चोरी कर लिया। प्रधानाध्यापिका ने घटना को लेकर पुलिस मे तहरीर दी है। किंतु जांच के नाम पर पुलिस मुकदमा दर्ज करने मे हीलाहवाली करती रही। इस पर प्रधानाध्यापिका ने सीओ जगमोहन से मिलकर शिकायत की। सीओ की फटकार पर पुलिस ने अज्ञात चोरो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

भीषण सड़क दुघर्टना में मासूमों समेत चौदह बरातियों की दर्दनाक मौत

पूर्व मंत्री राजा भइया ने हादसे पर जताया शोक, एसपी ने लिया घटनास्थल का जायजा

भारी फोर्स व पीएसी की मौजूदगी मे मृतकों का हुआ अंतिम संस्कार

भयावह : दुर्घटना के बाद गांव पहुंचा एक साथ शव

दुर्घटना मे बोलेरो की जबरदस्त ट्रक से भिडंत



दुर्घटना मे शवों को निकालने के लिए प्रयासरत क्रेन

प्रतापगढ़। हंसी-खुशी बारात को निकले खिलखिलाते बच्चों समेत दर्जन भर से अधिक लोगों को अचानक निष्ठुर मौत ने अपने आगोश मे ले लिया।

नेशनल हाइवे पर गुरूवार की देर रात दुर्घटना मे एक साथ चैदह बारातियों की पल झपकते जान चली जाने से इलाके मे कोहराम मच गया। भीषड सड़क हादसे की जानकारी होते ही जिले के एसपी समेत पुलिस व प्रशासनिक अफसर भी देर रात घटनास्थल पर आ जमे। दुर्घटना मे मृतकों के गांव जिरगापुर मे जिले के कई थानों की फोर्स के साथ एक सेक्शन पीएसी व एम्बुलेंस आदि को भी एहतियातन तैनात रखा गया था। वहीं कुण्डा विधायक तथा पूर्व मंत्री राजा भइया ने भी दर्दनाक हादसे पर शोक जताया है। राजा भइया के निर्देश पर बाबागंज विधायक समेत समर्थक ब्लाक प्रमुखो व कार्यकर्ताओं ने राहत व बचाव मे शुक्रवार को देर शाम तक मशक्कत जारी रखी। शवों के पीएम के बाद शुक्रवार की शाम मृतकों के परिजनों को शव का अंतिम दर्शन कराकर इन्हें अंतिम संस्कार के लिए करेंटी गंगा घाट ले जाया गया।

जिले के कुण्डा कोतवाली के चौसा जिरगापुर के संतलाल यादव के बेटे सुनील यादव की गुरूवार को शादी थी। शादी मे शामिल होने के लिए एक बोलेरो पर चैदह बाराती समीप के नबाबगंज थाना के शेखपुर गांव गये थे। बारात मे खाना-पीना खाकर यह सभी लोग देर रात वापस गांव लौट रहे थे। कुण्डा कोतवाली के देशराज का इनारा गांव के समीप हाइवे पर अचानक तेज रफ्तार बोलेरो ने अपना नियंत्रण खो दिया। बोलेरा अनियंत्रित होकर सीधे हाइवे किनारे खडे एक ट्रक मे जा घुसी। टक्कर इतनी तेज थी कि बोलेरो मे सवार छः मासूम बच्चों समेत चौदह के चौदह लोगों की जान पलक झपकते काल के गाल मे समा गई। चीखपुकार सुनकर आसपास के गांव के मौके पर पहुंच गये किंतु बोलेरो वाहन मे फंसे लोगों को निकालने का ग्रामीणों को कोई रास्ता नही सूझ सका। भीषण सड़क दुर्घटना की जानकारी होते ही कुण्डा कोतवाली की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने भी लगभग दो घंटे मशक्कत कर गैस कटर तथा क्रेन के सहारे किसी तरह चौदह के चौदह शवो को बाहर निकलवाया। दुर्घटना मे मरने वालों मे कुण्डा के जिरगापुर गांव के दिनेश कुमार 40, पवन कुमार 10, दयाराम 40, अमन 07, रामसमुझ 40, अंश 09, गौरव 10, नॉन भइया 55, सचिन 12, हिमांशु 12, मिथिलेश कुमार 17, बबलू 12 तथा अभिमन्यु 28 है। वहीं बोलेरो चालक मानिकपुर थाना के पारसनाथ बडेरा निवासी है। पुलिस ने सभी शवों को कब्जे मे लेते हुए शुक्रवार की सुबह पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। इधर शुक्रवार को जैसे ही एक साथ एक ही गांव मे बारह के बारह शव पहुंचे तो गांव ही नहीं इलाके मे कोहराम मच गया। मृतको के परिजनों का तो रो-रो कर बुराहाल था। वहीं मासूम बच्चों का शव देख हर किसी की आंख डबडबा उठीं। घटना की जानकारी मिलने पर देर रात एसपी अनुराग आर्य भी दुर्घटना स्थल पर पहुंचे। गांव मे भी इन शवो के पहुंचने पर भारी मात्रा मे तैनात पुलिसकर्मियो को शस्त्र नीचे कर मृतको को सम्मान करते देखा गया। गांव मे कुण्डा के साथ मानिकपुर, हथिगंवा, बाघराय, जेठवारा, संग्रामगढ़, लालगंज समेत कई थानो की फोर्स तथा एक सेक्शन पीएसी व एएसपी पश्चिमी दिनेश द्विवेदी, एसडीएम जेआर चैधरी व सीओ जीतेन्द्र सिंह परिहार समेत कई अफसर भी तैनात दिखे। इधर अपने निर्वाचन क्षेत्र मे सड़क दुर्घटना मे बारातियों की मौत को लेकर क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया ने भी गहरी संवेदना प्रकट की है। राजा भइया के निर्देश पर बाबागंज के विधायक विनोद सरोज व प्रतिनिधि हरिओम भी शुक्रवार की सुबह से गांव से लेकर जिला अस्पताल व अंत्येष्टि स्थल तक राजा भइया के समर्थको के साथ मदद अभियान मे जुटे देखे गये। इनमें डा. केएन ओझा, कुण्डा प्रमुख संतोष सिंह, कालाकांकर प्रमुख बीएन सिंह, बाबागंज प्रमुख हितेश सिंह पंकज व वरिष्ठ अधिवक्ता हनुमान पाण्डेय, अधिवक्ता पंकज त्रिपाठी, एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल के मीडिया प्रभारी मुक्कू ओझा आदि को मदद मे जुटे देखा गया।

दर्दनाक हादसे पर प्रतापगढ़ के हर कोनें में दिखा गम का माहौल

प्रतापगढ़। जिले के कुण्डा इलाके मे एक साथ चैदह बरातियों की हादसे मे मौत को लेकर शुक्रवार को हर तरफ गम का माहौल दिखा। कलेक्ट्रेट कचहरी से लेकर जिले की हर हॉट बाजारों मे हादसे मे इतनी बडी संख्या मे मौत को लेकर चर्चा बनी दिखी। दुर्घटना मे आधा दर्जन मासूम बच्चो की किलकारियां छिन जाने से भी लोगों मे गम कुछ ज्यादा ही सालता दिखा। कुण्डा तहसील मे दुर्घटना को लेकर शुक्रवार को अधिवक्ता भी काम-काज से विरत दिखे। वहीं घटना से प्रभावित जिरगापुर गांव मे हर घरों मे चूल्हा बुझा भी दिखा। महिलाओं का विलाप देखकर लोग भावुक हो उठे। जिगर के टुकडो का किलकारी की जगह खामोशी के साथ सदा सर्वदा के लिए दूर हो जाना महिलाओं को तो अखर ही रहा था। क्या बुजुर्ग क्या बच्चे सबकी आंखे भर आई थी।

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी की जिलाध्यक्ष वन्दना उपाध्याय ने जताया दुःख

प्रतापगढ़। जिले के मानिकपुर थाना क्षेत्र के देशराज इनारा के पास हुए सड़क हादसे में 14 लोगों के मृत्यु पर महिला जिलाध्यक्ष वन्दना उपाध्याय जी ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दर्दनाक हादसे को अत्यन्त पीडादायक ठहराते हुए दिवंगतों की आत्मा की शांति हेतु व इस दुख की घड़ी को परिजनों को सहन शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है और कहा है कि इस दुख की घड़ी में पूरा जनसत्तादल परिवार उनके साथ है।

निमार्णाधीन शौचालय का दृश्य

घोटालों में खो गया शौचालय का गड्ढा

शौचालय के गड्ढे तक की रकम को खा जाने वाले जिम्मेदार कौन

कौशाम्बी। सिराथू तहसील के ग्राम नोढिया करेंटी में ग्राम पंचायत में विना गड्ढे का शौचालय निर्माण करा कर ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी ने लाखों रुपये का घोटाला कर रकम खा गए जबकि वही पर एक महिला ने यह भी आरोप लगाया कि प्रधान ने कहा था कि जल्द ही गड्ढा बना दिया जाएगा जबकि वह लगभग दो साल से वह कहती रह गयी लेकिन प्रधान ने यह कह कर टाल दिया कि मुझे दोबारा प्रधान बनाओ तो ही गड्ढा बनेगा लगभग 30 शौचालय में गड्ढे ही नही बनाये गए और सरकार का पूरा रुपया निकाल लिया गया क्या इस तरह के भ्रष्टाचार को भी अधिकारी नजर अन्दाज करेंगे और फिर सरकार की योजनाओं को प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी लूटते रहेंगे।वही लोगो ने बताया कि सफाई कर्मचारी भी गांव में नही आते वह केवल प्रधान को कुछ रुपये देकर चले जाते हैं।तो गाँव मे गन्दगी तो बनी रहेगी ही।जब गॉव का मुखिया ही सफाई का रुपया खा जाता हैं तो कौन साफ करेगा।

जीजा संग मिलकर युवती ने की बेटे और पति की हत्या

पिपरी थाना क्षेत्र के चायल कस्बे में दोहरे हत्याकांड का मामला

ॅहत्या के बा घटना स्थल का मुआयना जांच करती पुलिस।

कौशांबी। जीजा के प्यार में पागल एक युवती ने अपने पति और बेटे की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी है बेटे और पति की हत्या के बाद जमीन में गड्ढा खोदकर दोनों की लाश को दफनाने की योजना हत्यारों ने बना ली थी लेकिन पिता पुत्र की हत्या की जानकारी पड़ोसियों को लग गई और उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दे दी पिता पुत्र की मौत की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा है और लोगों ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है दोहरे हत्याकांड की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस अधिकारी घटनास्थल पहुंचे हैं और हत्याकांड की छानबीन कर रहे हैं मौके पर पहुंची पुलिस ने पिता पुत्र के लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटनाक्रम के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के चायल कस्बा के रहने वाले नौसे उर्फ वकील अहमद पुत्र शफीक अहमद रोजी रोटी के चक्कर में मुंबई में रहकर सिलाई का काम करते हैं घर में उनकी पत्नी और बच्चे रहते हैं कोरोनावायरस की महामारी के बाद घोषित लॉकडाउन के चलते नौशे का रोजगार बंद हो गया जिस पर वह वापस अपने घर चायल लौट आया और यहीं पर सिलाई मशीन रखकर सिलाई का काम करने लगा फतेहपुर जनपद के खागा कस्बे के रहने वाले नौशे के साढू इन दिनों प्रयागराज जिले के मुंडेरा में रहते हैं और उनका आए दिन नौसे के घर आना-जाना था आए दिन साढू के आने को लेकर नौसे विरोध करता था इस बात को लेकर नौसे की पत्नी गुलनाद का नौसे से विवाद हुआ करता था विवाद के बीच कई बार नौसे की सास भी आई थी और बेटी का ही पक्ष ले रही थी। शुक्रवार की भोर में घर में गड्ढा खोदे जाने की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी मौके पर पुलिस पहुंची तो नौसे उर्फ वकील अहमद उम्र 34 वर्ष उनका बेटा अरमान उम्र 5 वर्ष की लाश घर के भीतर पड़ी थी हमलावरों ने बड़ी बेरहमी से दोनों को चाकुओं से गोदकर मौत के घाट उतारा था पिता पुत्र की हत्या के बाद हत्यारे दोनों की लाश को घर के अंदर दफन कर देने की योजना बना रहे थे हत्यारों ने घर के भीतर जमीन में गड्ढा भी खोज लिया था लेकिन इसी बीच दोहरे हत्याकांड की जानकारी पुलिस तक पहुंच गई और दोनों लाश को दफनाने का खेल उनका बिगड़ गया घर के भीतर दोहरे हत्याकांड की जानकारी मिलते ही पूरे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक जिलाधिकारी क्षेत्राधिकारी उपजिलाधिकारी समेत भारी पुलिस फोर्स घटनास्थल पर पहुंची और घटना का बारीकी से निरीक्षण किया पिता पुत्र की लाश को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

भाजपा राज में बढ़े अपराध

कौशांबी। पिपरी थाना क्षेत्र के चायल कस्बे में पिता पुत्र की हत्या के बाद विपक्षी दलों ने योगी सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया है जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष तलत अजीज ने कहा कि योगी सरकार अपराधों को रोक पाने में पूरी तरह से असफल हो चुकी है उन्होंने कहा कि भाजपा के राज में हत्या की घटनाओं में तेजी से बढ़ोतरी हुई है जिससे आम जनता त्राहि–त्राहि कर रही है तलत अजीम ने कहा कि बढ़ते अपराध के बाद पुलिस घटनाओं के खुलासे के प्रति गंभीर नहीं है और तमाम घटनाओं के अभियुक्त जेल नहीं जा सके हैं उन्होंने कहा कि तमाम मामलों में पुलिस लीपापोती कर अपराधियों का बचाव कर रही है जिसका नतीजा है कि अपराधी हौसला बुलंद हो रहे हैं और अपराध बढ़ रहा है।

जमाधन खा गया एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र का संचालक

अझुवा कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत अझुवा वार्ड नं 4 मढ़ियामई निवासी जंगबहादुर पुत्र भगवान दीन ने ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक के खिलाफ लिखित तहरीर देते हुए अमानत में खयानत का आरोप लगाया है उसने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र संचालक सौरभ केसरवानी पुत्र नरेश केसरवानी को तीन किस्तों में कुल 55 हजार रुपये जमा करने को दिया था।एक बार बुजुर्ग ने 5000 रुपये संचालक से लिया था।

बुजुर्ग किसान जब बीमार पड़ा तब वह अपने खाते से पैसा निकालने गया तब ग्राहक सेवा केंद्र संचालक ने कहा उसके खाते में पैसा नही शो कर रहा है। एक हफ्ते बाद दोबारा केंद्र गया तो केंद्र संचालक ने कहा लॉक डाउन के चलते सभी खाते सरकार ने बंद कर दिया है जिससे अभी पैसा नही मिल पायेगा। बुजुर्ग किसान वापस सरकार को कोसते हर घर आ गया उसे क्या पता था कि उसका पैसा सरकार ने नही लालची ग्राहक सेवा केंद्र संचालक ने खाया है। कई बार किसान जब चक्कर लगाते लगाते थक गया तो उसने इसकी चर्चा अपने घर वालों से की। घर वालों ने दूसरे सेवा गाहक केंद्र में जाकर पता किया तो पता लगा उसके खाते में पैसा जमा ही नही किया गया। इस बात को लेकर जब ग्राहक संचालक से बुजुर्ग किसान मिलकर अपने पैसे की बाबत सवाल किया तो दबंग संचालक तमंचा लेकर गाली देते हुए दौड़ा लिया। बुजुर्ग बीमार किसान अपने पैसों को लेकर जगह जगह फरियाद कर रहा है लेकिन उसकी सुनने वाला कोई नही है। थककर बुजुर्ग किसान ने पुलिस चौकी अजुहा और कोतवाली सैनी में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। सुनवाई न होने पर बुजुर्ग किसान ने सीओ रामवीर की चौखट पर न्याय की गुहार लगाई है। वहीं सूत्रों के की माने तो एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र संचालक ऐसे ही कई लोगो के साथ धोखाधड़ी कर चुका है।

छात्राओं ने संभाली यातायात की कमान, लोगों को किया जागरूक

यातायात के नियमों का पालन करने वालों को यातायात प्रभारी बनी संचिता अग्रहरी और उनकी टीम के सदस्यों ने गुलाब के पुष्प देकर धन्यवाद दिया

एक दिन के लिए यातायात निरीक्षक बनी स्कूली छात्राएं वाहन जांच करती

कौशाम्बी। यातायात माह नवंबर के परिपेक्ष में पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के निदेर्शानुसार श्री दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा के छात्र छात्राओं को मंझनपुर कोतवाली परिसर लाया गया जहां छात्र अभिषेक अग्रहरी को मंझनपुर कोतवाली प्रभारी बनाकर कार्य निर्वहन कराया गया इसी प्रकार छात्रा संचिता अग्रहरी को यातायात प्रभारी बनाकर मंझनपुर चौराहे पर वाहन चेकिंग चलाया गया जिसमें यातायात के नियमों का पालन करने वालों को यातायात प्रभारी बनी संचिता अग्रहरी और उनकी टीम के सदस्यों ने गुलाब के पुष्प देकर धन्यवाद दिया और उन व्यक्तियों को जो कार में सीट बेल्ट मोटरसाइकिल में हेलमेट आदि नहीं लगाए हुए थे उन्हें यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए सुरक्षित चलने का अनुरोध किया गया। इसी तरह कीर्ति अग्रहरि को महिला महिला हेल्प डेस्क का प्रभारी बना कर आवश्यक कार्यवाही कराई गई पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी रविंद्र त्रिपाठी के द्वारा विद्यालय की छात्र छात्राओं को यातायात व्यवस्था सुधारने और यातायात के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराने के उद्देश्य से शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने का मौका दिया गया है।